FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत—जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

बाबूलाल बनाम चिरंजी लाल वगै.

किस्म मुकदमा–शीघ्र सुनवाई प्रा.पत्र नम्बर–43–सन्– 2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.05.2024	अधिवक्ता प्रार्थी श्री विनोद कुमार विजय उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी ने एक प्रा0पत्र मिसल शीघ्र सुनवाई का पेश कर निवेदन किया गया कि उनवानी प्रकरण में आगामी तारीख पेशी दिनांक 10.06.2024 नियत है। उक्त उनवानी प्रकरण में अपील खसरा परिशोधन पत्र विभाजन से संबंधित सं0 95 पर ग्राम भांडारेज में स्थित खाता सं0 507 की भूमि बाबत बिना तारीख पारित किया गया है के खिलाफ प्रस्तुत की गई है। विभाजन के आधार पर गलत तरीके से प्राप्त की गई खातेदारी के आधार पर अप्रार्थी नं0 1 से 14 ने एक पत्थरगढी कराने का प्रा.पत्र उप जिला कलक्टर दौसा के यहॉं प्रस्तुत किया जिस पर उप जिला कलक्टर दौसा ने कानून के विपरीत तरीके से पत्थरगढी करने के आदेश दे दिये गये। अप्रार्थी सं0 1 से 14 अवैध प्राप्त की गई खातेदारी के आधार पर हाल वाके ग्राम अट्टा बजौरी में स्थित भूमि का दीगर को विक्रय करने पर आमादा हो रहे है। इससे प्रार्थी को अपूरणीय क्षति होने की प्रबंल संभावना है। अतः प्रा.पत्र शीघ्र सुनवाई स्वीकार कर नजदीकी तारीख पेशी नियत की जाकर बहस सुनी जावे। अधिवक्ता प्रार्थी की बहस पर मनन किया गया। प्रार्थना पत्र एवं मूल अपील की पत्रावली नियत तिथि से तलब की जाकर अवलोकन किया गया। प्रार्थना पत्र शीघ्र सुनवाई स्वीकार किया जाता है। विचाराधीन प्रकरण में आगामी तारीख पेशी दिनांक 10.6.2024 के स्थान पर 08.05.2024 नियत की जाती है। मूल अपील पत्रावली दिनांक 08.05.2024 को पेश हो। यह प्रा0पत्र दर्ज फैसल होकर मूल पत्रावली में शामिल रहे। जिला कलक्टर दौसा	

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:27:59 IST
Reason: SelfAttested